# ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176218 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमर सिंह | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**सचिव :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री बृजेश कुमार | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री ओंकार दत | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री शशि कुमार | 01.04.2024 से 30.09.2024 |
| 2. | श्री साहिब सिंह | 01.10.2024 से 31.03.2025 |

## (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—

ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 4.81 |
| 2 | 4.2 | निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि रखने बारे | 7.38 |
| 3 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 95.82 |
| 4 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.73 |
| 5 | 7.3 | स्वच्छता शुल्क वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.64 |
| 6 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.45 |
| 7 | 9.2 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान | 0.25 |
| 8 | 9.3 | अनुदान 15वें वित्त के अन्तर्गत सामग्री का अनियमित क्रय करना | 5.00 |
| 9 | 9.4 | स्त्रोत पर जी०एस०टी/टी०डी०एस०की कटौती न करने से सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि | 0.19 |
| 10 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे | 6.74 |
| 11 | 11 | असमर्थित समायोजित आय–व्यय प्रविष्टियां करने बारे | 21.13 |
| 12 | 12.1 | मजदूरी भुगतान हेतु मूल्यांकित राशि से अधिक भुगतान करना | 0.03 |
| 13 | 12.2 | सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 0.03 |
| 14 | 12.3 | अनुमोदित/न्यूनतम निविदा दर की तुलना में अधिक दर से अधिक भुगतान करना | 0.02 |
| 15 | 12.4 | पंचायत सदस्य को मस्ट्रोल तथा मीटिंग में दोहरी उपस्थिति हेतु राशि का दोहरा भुगतान करना | 0.02 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर कार्यवाही करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/201 दिनांक–29.03.2025 द्वारा केवल अवधि 01/04/2022 से 31/03/2023 के अनिर्णीत पैरों पर ही कार्यवाही करते हुये केवल 4 पैरों की अनुपालना का सत्यापन करवाया गया तथा शेष बचे 16 पैरों के निस्तारण हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। यह अति गम्भीर चूक है, जोकि संस्था की अंकेक्षण के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः प्राथमिकता के आधार पर गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष 16 पैरों के साथ–साथ वर्तमान अंकेक्षण में प्रारूपित अंकेक्षण आपतियों पर भी अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः–

**(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 5.3 | अनिर्णीत | – |
| 2. | 5.4 | अनिर्णीत | – |
| 3. | 8 | अनिर्णीत | – |
| 4. | 10 | अनिर्णीत | – |
| 5. | 12 | अनिर्णीत | – |
| 6. | 13 | अनिर्णीत | – |

**(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2022 से 31/03/2023 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 4 क,ख | स्वतः निर्णीत | वित्तीय स्थिति |
| 3. | 4.1 | निर्णीत | वित्तीय स्थिति व बैंक के अंतशेषो में शून्य अंतर के दृष्टिगत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | 4.2 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 6(i) (ii) | अनिर्णीत | — |
| 7 | 7 क,ख,ग | अनिर्णीत | — |
| 8 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 14 | निर्णीत | राशि ₹4842 की वसूली रसीद संख्या 0279504 द्वारा करने उपरांत दिनांक 12.08.24 को खाता संख्या 2338000100050187 में जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है। |
| 15 | 15 | निर्णीत | राशि ₹1949 की वसूली रसीद संख्या 0279628 द्वारा करने उपरांत दिनांक 21.08.23 को खाता संख्या 2338000100050187 में जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है। |
| 16 | 16 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |
| 17 | 17 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 14.05.2025 से 21.05.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीमवाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2024—25 | 03/2025 | 10/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :— वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/336 दिनांक—21. 05.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2025/315 दिनांकः—14.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 2419542.67 | 156085.00 | 2575627.67 | 857043.79 | 1718583.88 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2024-25 | 9681285.90 | 7429342.94 | 17110628.84 | 7529058.21 | 9581570.63 |

**कुल योग (1+2)** 1718583.88+9581570.63 **=11300154.51**

## (ख).बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2025 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹1,13,00,154.51 तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹1,08,18,879.01 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वयं सत्रोत | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100050187 | 535930.98 |
| 2 | स्वयं सत्रोत/ पांचवा वित् | के. सी .सी. बैंक धर्मशाला | 20002132800 | 2333114.50 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई/ एस.डी.पी/एस .डी.आर.एफ./एम.पी.लेड /सी.आर.एफ | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100071418 | 262127.52 |
| 4 | पी.एम.ए.जी.वाई | एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला | 50100334247981 | 438129.65 |
| 5 | आई.डब्ल्यू.डी.पी. | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100079614 | 13064.89 |
| 6 | आई.डब्ल्यू.डी.पी. | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100079605 | 11201.89 |
| 7 | आई.ए.वाई | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100072639 | 3960.04 |
| 8 | एल.ए.डी.ए./एल.डी.पी. | एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला | 50100059164306 | 79128.60 |
| 9 | एस.बी.एम | एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला | 50100604058517 | 54472 |
| 10 | आर.जी.एस.ए | इंडसइंड बैंक धर्मशाला | 100167490123 | 85746 |
| 11 | एम.एम.ए.जी.वाई | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100083592 | 88085.04 |
| 12 | जलरक्षक मानदेय | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100079508 | 1861 |
| 13 | पशु सहायक | पी.एन.बैंक खन्यारा | 2338000100074600 | 1545.50 |
| 14 | 14वां वितायोग | एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला | 50100179427617 | 484040.06 |
| 15 | 15वां वितायोग/ जिला परिषद /पचायत समिति | एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला | 50100371685222 | 5636606.60 |
| 16 | एन.आर.डी.डब्ल्यू.एस.पी | एच.डी.एफ.सी बैंक धर्मशाला | 50100487458822 | 51953 |
| 17 | हस्त गत शेष दिनांक 01.04.2024 व 31.03.2025 को (स्वः स्रोत की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार ) | | | 7333 |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | हस्त गत शेष दिनांक 01.04.2024 व 31.03.2025 को (एम.एम.ए.जी.वाई की ऑनलाइन रोकड़ बही के अनुसार ) | 730578.74 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2025 को कुल योगः— | | ₹10818879.01 |
| **दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी :—** | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः— | | ₹11300154.51 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2025 का अन्तशेषः— | | ₹10818879.01 |
| अन्तरः— | | 481275.50 |

**नोटः—अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹4.81 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :—**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2025 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹4,81,275.50 का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा—4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/316 दिनांकः—16.05.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—490 दिनांकः—21.05.2025 द्वारा आंकडो एवं तथ्यो की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि, उक्त राशि का अंतर रोकड़ बही में अधिक पाया गया, जिसकी बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए

## (घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

सचिव ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि ,ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदान पाचवां वित के लिये संयुक्त खाता संख्या 20002132800 तथा अनुदान वी.के.वी.एन.वाई/ एस.डी.पी,एस.डी.आर.एफ.,एम.पी.लेड व सी.आर.एफ आदि के लिये भी संयुक्त खाता संख्या 2338000100071418 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते एवं नियमों/निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/321 दिनांकः–16.05.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा अवगत करवाया कि, शीर्ष वाईज खातो का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातों का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो अनुसार ही बैंक खातो का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ङ.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2024–25 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहींः–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं0,मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि | 82/28.10. 2024 | 912,913/13,14. 11.2024 | रख–रखाव वाईट वाश पेंटिग इत्यादि पंचायत घर वार्ड | 12253 |
| 2 | सभा निधि | 88/30.10. 2024 | 1012/04.10. 2024 | रख–रखाव वाईट वाश पेंटिग इत्यादि पंचायत घर व अम्बेडकर भवन वार्ड | 8150 |
| 3 | सभा निधि | 93/30.10. 2024 | मस्ट्रोल 4725 | रंग रोवन व रख–रखाव पंचायत घर सोकणी दा कोट | 16430 |
| 4 | एम.पी. लेड | 94/30.10. 2024 | 374013/26.10. 2024 | कम्पलीशन इंटरलाकिंग रास्ता पुली पी.डब्ल्यू.डी रोड से कुलदीप,चुनी लाल के घर का ओर वार्ड 7 | 8540 |
| 5 | वी.के.वी. एन.वाई | 96/30.10. 2024 | 374132/16.12. 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक टीटा राम के वार्ड 1 | 6405 |
| 6 | वी.के.वी. एन.वाई | 99/28.10. 2024 | 375193/19.10. 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक त्रिलोक चन्द के घर वार्ड 11 | 6405 |
| 7 | एस.डी. आर.एफ | 95/30.10. 2024 | 374013/30.10. 2024 | पुर्न निर्माण सुरक्षा दीवार रोड से नजदीक नरायण दास घर वार्ड 5 | 34160 |
| 8 | एस.डी. आर.एफ | 98/28.10. 2024 | 374099/06.12. 2024 | पुर्न निर्माण सुरक्षा दीवार हिल स्टोप स्टेवलाईजेशन नजदीक छुमा देवी के घर वार्ड 3 | 14945 |
| 9 | एस.डी. आर.एफ | 101/28.10. 2024 | 701/01.07. 2023 | पुर्न निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक देशराज सुपुत्र रोमी राम घर वार्ड 5 | 25300 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व विभिन्न अनुदानों से प्राप्त की गई आय व उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त किये गए संकलित व्यय का भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में

वास्तविक प्राप्तियों व व्यय की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/337 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अवधि 2024–25 की खाता बहियो/लेखा खातो को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 4.2 सभा निधि व एम.एम.ए.जी.वाई अनुदान के अंतर्गत निर्धारित सीमा से अधिक नकद हस्तगत राशि ₹7.38/–लाख को रखने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 10(3) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा ₹1000/– तक की राशि ही नकद रूप में हस्तगत रखी जा सकती है।

सभा निधि व एम.एम.ए.जी.वाई अनुदान की प्रस्तुत की गई आनलाईन रोकड़ बहियों के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार प्रावधित सीमा से अधिक नकद राशि **₹737911.74** को हस्तगत दर्शाया गया था, जो कि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित व आपतिजनक है। रोकड़ बही में इतनी अधिक राशि का नकद के रूप में दर्शाया/पाया जाना, दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त इस राशि को बैंक में जमा न करवाने से इस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी ग्राम पंचायत को वंचित होना पडाः–

| क्र. स. | मद/अनुदान | रो• ब• पृ• | जिस दिनाँक को दर्शाया गया | सीमा से अधिक रखी गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सभा निधि | निल | 01.04.2024 व 31.03.2025 | 7333.00 |
| 2. | एम.एम.ए.जी.वाई | निल | 01.04.2024 व 31.03.2025 | 730578.74 |
| | | | **कुल** | **737911.74** |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/320 दिनांकः—16.05.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—490 दिनांकः—21.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, उक्त शेषो बारे अभिलेखों की जांच पडताल करने उपरांत व विभाग के उच्चाधिकारियों से चर्चा करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य में भी नियमानुसार ही कार्रवाई सुनिश्चित करें यह मामला विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ इस आश्य के साथ लाया जाता है कि इसकी गहनता से जांच पड़ताल करने उपरांत तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि, इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वर्तमान वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹23,77,006.50 से ₹23,33,114.50 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/337 दिनांकः 21.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—490 दिनांक 21.05.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप—1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6 अनुदान की राशि ₹95.82 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/315 दिनांकः—14.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट—1 व परिशिष्ट—2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31—03—2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹95,81,570.63/— की राशि उपयोग हेतु शेष थीः—

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित्त | 31.03.2025 | 498279.10 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई/ एस.डी.आर.एफ./एम.पी.लेड | 31.03.2025 | 235583.80 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई/ एस.डी.पी/एस .डी.आर.एफ./एम.पी.लेड | 31.03.2025 | 141471.42 |
| 4 | एम.पी.लेड | 31.03.2025 | 11389.00 |
| 5 | एस.डी.आर.एफ | 31.03.2025 | 54345.00 |
| 6 | एन.आर.डी.डब्ल्यू.एस.पी | 31.03.2025 | 51953.00 |
| 7 | पी.एम.ए.जी.वाई.एस | 31.03.2025 | 433477.65 |
| 8 | सी.आर.एफ/ एस.डी.आर.एफ | 31.03.2025 | 8397.30 |
| 9 | आई.ए.वाई | 31.03.2025 | 3934.04 |
| 10 | आई.डब्ल्यू.डी.पी. | 31.03.2025 | 24266.78 |
| 11 | एम.एम.ए.जी.वाई | 31.03.2025 | 818080.78 |
| 12 | आर.जी.एस.ए | 31.03.2025 | 85746.00 |
| 13 | एल.डी.पी. | 31.03.2025 | 75137.60 |
| 14 | पी.एम.जी.एस.वाई | 31.03.2025 | 837540.40 |
| 15 | एस.बी.एम | 31.03.2025 | 54472.00 |
| 16 | एम.एम.जी.पी.वाई | 31.03.2025 | 1.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | 13वाँ वित्त | 31.03.2025 | 126849.10 |
| 18 | 14वाँ वित्त | 31.03.2025 | 484040.06 |
| 19 | 15वाँ वित्त / पी.एस / जेड.पी | 31.03.2025 | 5636606.60 |
| | | **कुल जोड़** | **9581570.63** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग / व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 317 दिनांक–16.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–13.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्येश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 7 पंचायत राजस्व से प्राप्त आय

### 7.1 सम्पति कर / गृहकर की ₹1.73 / – की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय / अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2025 / 315 दिनांकः–14.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर / गृहकर के रूप में **₹172750** / – की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर / गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणों के इतनी अधिक राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि, पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर / गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर / गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को सम्पत्ति कर / गृहकर के रूप में

वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/318 दिनांकः–16.05.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि, सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरांत सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा इससे सम्बन्धित मांग व सग्रहण रजिस्टर को तैयार करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

इसके अतिरिक्त बढ़ते बकाया पंचायत राजस्व का मामला पंचायती राज विभाग के उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ आवश्यक जाँच उपरान्त यथास्थिति नियमानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाने हेतु विशेष रूप से लाया जाता है।

## 7.2 उचित प्रक्रिया का पालन किये बिना पंचायत परिसर को किराये पर देने से संभावित राजस्व हानि व सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पँचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को देय व प्राप्त राजस्व का ब्यौरा पंचायत के निधि लेखों मे शुद्ध तथा तत्परता व नियमित रूप से निर्धारित वसूली करना तथा जमा किये/निकाले गए और अपने अधीन सभी स्त्रोतो जहां से राजस्व उत्पन्न होता है, का लेखा जोखा प्रारूप 10 में मांग व संग्रहण रजिस्टर में तैयार किया जाएगा।

निदेशक एवं विशेष सचिव पचायती राज विभाग हि0प्र0 के कार्यालय आदेश संख्या पीसीएच–एचसी (7)10/80 दिनांक 17.09.2008 के अनुसार ग्राम पंचायत के व्यावसायिक परिसरो को किराये पर देने के लिये निम्न कमेटी गठित की जाएगीः–

1.उपमण्डलाधिकारी/तहसीलदार (अध्यक्ष)

2.खण्ड विकास अधिकारी (सदस्य)

3.प्रधान सम्बन्धित ग्राम पंचायत (सदस्य)

4.पंचायत निरीक्षक (सदस्य)

5.पंचायत सचिव / पंचायत सहायक (सदस्य–सचिव)

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सम्बन्धित किरायेदार के साथ अनुबन्ध करेगी जिसमें ग्राम पंचायत निम्न शर्तों की अनुपालना सुनिश्चित करेगीः–

1.सम्बन्धित व्यावसायिक परिसरो / भवनों का किराया लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरों से कम न हो।

2.किराये में वृद्धि का प्रावधान किराया नियन्त्रण अधिनियम के अनुरूप हो।

3.यदि किरायेदार किराया नहीं देता है, या परिसर को नुकसान पहुँचाता है तो परिसर को 30 दिन की अवधि के अंदर खाली करने का प्रावधान रखा जाए।

4.किरायेदार को परिसर को आगे किसी व्यक्ति को किराये पर देने का अधिकार न हो और न ही उसे उसके उपयोग को परिवर्तित करेगा।

5.किरायेदार परिसर में किसी प्रकार निर्माण / परिवर्तन / अतिक्रमण नहीं करेगा।

6.सम्बन्धित व्यावसायिक परिसरो / भवनो को किराये पर देने से पूर्व में पंचायत क्षेत्र में व्यापक प्रचार किया जाएगा तथा व्यावसायिक परिसरो / भवनो को किराये पर खुली बोली से दिया जाएगा।

7.व्यावसायिक परिसरो / भवनो के पानी / बिजली के बिलो की अदायगी किरायेदार द्वारा की जाएगी।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा पंचायत के व्यावसायिक परिसरों / भवनों को किराये पर देने सम्बन्धी जारी उक्त दिशा–निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित नहीं की गई थी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा / अ0वृ0कां / 2025 / 315 दिनांकः–14.05.2025 के प्रत्युत्तर में, पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 490 दिनाँक 21.05.2025 द्वारा अंकेक्षण के दौरान सूचित किया कि पंचायत के सभा क्षेत्र में दो सामुदायिक भवनों को किराये पर देने से सम्बन्धित कमेटी का गठन नहीं किया गया व किराये पर देने से पूर्व अनुबन्ध हस्ताक्षरित नहीं किया गया था। यह बहुत ही गम्भीर अनियमितता है तथा इसके अभाव में यदि भविष्य में पंचायत को कोई वित्तीय हानि होती है तो यह चूककर्ताओं का व्यक्तिगत दायित्व होगा।

उपरोक्त अनियमितताओं बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 327 दिनांकः– 19.05.2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र क्रमाँक 490 दिनाँक 21.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि, इस सम्बन्ध में वर्तमान समय से नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। प्रस्तुत स्पष्टीकरण सन्तोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सुझाव दिया जाता है पंचायत हितों को सुरक्षित करने के लिये समय–समय पर जारी आदेशो–निर्देशों अनुसार अपेक्षित कदम यथाशीघ्र उठाया जाना सुनिश्चित करके किरायेदारों के साथ उपरोक्त निर्देशों व नियमानुसार अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाये ताकि भविष्य में किराया वसूली में दिक्कत न आये व कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

**7.3 स्वच्छता शुल्क ₹0.64 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना व सम्बन्धित आवश्यक अभिलेखो का अनुरक्षण न करनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 के उपनियम (3)(ii) के अनुसार पंचायत की गलियों की सफाई, गलियों में प्रकाश व्यवस्था ,साफ–सफाई,**स्वच्छाता ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन** ,वाहनो की पार्किंग के लिये प्रस्ताव के तहत सभा क्षेत्र में सेवा शुल्क उदगृहित करने का अधिकार है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/315 दिनांकः–14.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट ''9''** पर संलग्न सूचना के अनुसार स्वच्छता शुल्क के रूप में ₹64470/– की राशि दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष थी। प्रस्ताव संख्या 03 दिनांक 22.09.2022 के तहत निर्णय लिया गया था कि, प्रत्येक यूनिट(घर,होटल,ढाबा,दुकानो)से ₹50/500/1000/100 प्रति मास ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता शुल्क की वसूली की जाएगी,जबकि अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से वसूली करवाई गई। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता शुल्क से सम्बन्धित अभिलेख, यूनिटों की संख्या श्रेणी बार ,मांग व बकाया इत्यादि का ब्यौरा/रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट ''9''** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष राशि, अथशेष, यूनिटो की संख्या, अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/326 दिनांकः–19.05.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा आंकडो व तथ्यो की पुष्टि करने उपरांत स्पष्ट किया गया कि उक्त स्वच्छता शुल्क की बकाया राशि की वसूली करने उपरांत सम्बन्धित शीर्ष के खाते में जमा करवा दिया जाएगा तथा इससे सम्बन्धित ब्यौरा, यूनिटों की संख्या, दर, मांग व संग्रहण रजिस्टर तथा अन्य सम्बन्धित अभिलेखों को तैयार करने उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उपरोक्त मामले के सम्बन्ध में नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा सम्बन्धित मांग व प्राप्ति रजिस्टर तैयार करके व समस्त आवश्यक अभिलेखों का रख–रखाव रखना सुनिश्चित करके व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8.1 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹0.02/- लाख की वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनो के बाद 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य श्रेणी) से व ₹50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल श्रेणी से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां0 / 2025 / 315 दिनांकः–15.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा 13 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से कम राशि वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरो के अनुसार ₹1600 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थे।

उक्त न वसूली गई राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2025 / 322 दिनांकः–16.05.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि ,बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि को प्राप्त करने उपरान्त सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसकी अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, सरकारी कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02 / –लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः–04.10.2016 के प्रावधानानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार

राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/315 दिनांकः–14.05.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान राशि ₹2000/– विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु इसे राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था, जिससे कि सरकारी कोष को प्राप्त आय की दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/322 दिनांकः–16.05.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा तथ्यों की पुष्टि करने उपरांत सूचित किया गया कि ,प्राप्त की गई विवाह पंजीकरण की राशि ₹2000 को सभा निधि में जमा करवाया गया, जिसे सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में भी विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्ति उपरांत सरकारी कोष में ही जमा करवाया जाये व कृत अपेक्षित सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.45 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹44874/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के

कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/331 दिनांकः–20.05.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षणावधि में इस प्रकार कृत समस्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 9.2 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹0.25/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹25100/– का अनियमित

भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/332 दिनांक:–20.05.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–490 दिनांक:–21.05.2025 द्वारा सूचित किया गया कि ,उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म को प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 9.3 अनुदान 15वें वित के अंतर्गत राशि ₹5.0/–लाख की सामग्री का अनियमित क्रय करने बारे:–

ग्राम पंचायत द्वारा दो पार्क, डेवलपमेंट पार्क इन विलेज वार्ड 5 तथा डेवलपमेंट/रिपेयर पार्क सोकणी दा कोर्ट वार्ड 7 में खेलकूद व व्यायाम सम्बन्धी सामग्री स्थापित करने हेतु निम्नविवरणानुसार राशि **₹** 500000 का भुगतान किया गया। व्यय वाउचरो का अवलोकन करने पर निम्नलिखित आपतियां पाई गई है:–

**1**. हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(3) के अनुसार उक्त सामग्री की खरीद से पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा एक उप–समिति गठित की जानी थी, जिसमें कि प्रधान, उप प्रधान, दो वार्ड सदस्य जो ग्राम पंचायत द्वारा नामित किये गये हो व सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव, जिसका गठन ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया गया था।

2. उक्त क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम अर्थात भंडार नियंत्रक की दर संविदा (Rate Contract) अथवा Gem Portel से किया जाना वांछित था तथा यदि उक्त सामग्री हि0 प्र0 सरकार के भंडार नियंत्रक के Rate Contract अथवा Gem Portel से उपलब्ध नहीं होती है, तो पंचायत द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्राप्ति उपरांत उक्त सामग्री का क्रय खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित

करके किया जा सकता है, परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा इस प्रकार की कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई थी।

3. क्रय की गई सामग्री को स्थायी परिसम्पति स्टॉक रजिस्टर में भी इन्द्राज नहीं किया गया था।

4. उक्त कार्यों की सम्बन्धित माप–पुस्तिका को भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया।

उपरोक्त के अभाव में किसी भी वितीय अनियमितता की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

| क्र.सं.व अनुदान | वाचर स. /दिनांक | फर्म का नाम | बिल सं. /दिनांक | सामग्री | मात्रा | दर (₹) | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.15TH FC (Dev. Park in villages Ward 5) | 108/ 14.10.2024 | M/s Shiva Traders Tatwani Shahpur | 663/ 25.10.2024 | Marry go round,Air walker,Double Cross Trainer,Arm wheel double,Chest Press double,Puss up bar,Leg press double | - | - | 200000 |
| | Nil/29.10.2024 | M/s Shiva Traders Tatwani Shahpur | 664/ 25.10.2024 | JCB per hour | 20 | 1000 | 20000 |
| | | | | Foundation with plat form CC work(m3) | 34.80 | 2300 | 80040 |
| 2.15TH FC (Dev./Repair Park in Soukni da kot Ward 7) | 105/ 28.10.2024 | M/s Shiva Traders Tatwani Shahpur | 662/12.10.2024 | Marry go round,Sea saw four seater,Double Cross Trainer,Arm wheel double,Chest Press double,Slider Iron 12 feet,Bridge Ladder | - | - | 200000 |
| | | | | **Total** | | | **500040** |

इन अनियमितताओं बारे वस्तुस्थिति पूर्ण तथ्यो सहित अंकेक्षण को अवगत करवाने बारे सचिव ग्राम पंचायत को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/329 दिनांकः–20.05.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी व अन्य सम्बन्धित वांछित अभिलेखों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा इतनी अधिक राशि का व्यय नियमों की अवहेलना करते हुये करना उचित नहीं था। अतः इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाकर सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.4 स्त्रोत पर जी.एस.टी/टी.डी.एस. की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण राशि ₹0.19/- लाख के सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि:-**

हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78-EXN-TAX-पार्ट-(278/25)-29056, दिनाक 29-09-18 के अनुसार किसी भी सरकारी विभाग /स्थानीय निकाय/सरकारी एजेंसी/बोर्ड और अन्य निकाय द्वारा सविदाकर/फर्म/आपूर्तिकर्ता को दिनांक 01-10-18 से गुड्स व सेवाओं और दोनों की आपूर्ति हेतु सिंगल अनुबंध के तहत व अन्तर्राज्यीय सप्लाई के लिये ₹ 2.5 लाख से अधिक की अदायगियों से @2%(1%SGST+1%CGST) की दर से GST/TDS काटने एवं उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकारी कोष में जमा करवाने का प्रावधान है।

नमूना अंकेक्षण व ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत सूचना **"परिशिष्ट -8 "** अनुसार पाया गया कि, 15 वा वित् शीर्ष के अंतर्गत विभिन विकास कार्यों के लिये निम्न विवरणानुसार खेलकूद व व्यायाम सामग्री तथा वाटर डिसपेंसर व वाटरकूलर के रूप में सामग्री प्राप्ति की गई थी, किन्तु उक्त नियम प्रावधानों के दृष्टिगत आपूर्तिकर्ताओं से स्त्रोत पर कर राशि **₹18800/-** की कटौती (टीडीएस) नहीं की गई थी:-

| क्रम स० | वा०/दिनांक | कॉन्ट्रैक्टर/फर्म का नाम | परिशिष्ट के अनुसार भुगतान की गई राशि (₹) | स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) की राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिशिष्ट अनुसार (क्रम स०1 व2 ) | मै०शिवा ट्रेडर्स ततवानी शाहपुर | 500040 or say 500000 | 10000 |
| 2. | परिशिष्ट अनुसार (क्रम स०3 व 7) | मै हिमाचल टरेडर्स ढडमब शाहपुर | 440000 | 8800 |
| | | **कुल** | **940000** | **18800** |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/330 दिनांकः–20.05.2025 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत सोकणी दा कोट को तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि करते हुए वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–490 दिनांकः–21.05.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि पर टी.डी.एस की कटौती नहीं की गई

है, जिसकी वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्बन्धित शीर्ष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः नियमानुसार जी.एस.टी / टी.डी.एस की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके इसे सम्बन्धित विभाग में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी सुझाव दिया जाता है कि अंकेक्षण अवधि हेतु ऐसे अन्य मामलों की जांच कर वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 10 निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹6.74/–लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 10/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹6,74,224/–**का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सकाः–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.सभा निधि | 82/28.10. 2024 | 912,913/13,14. 11.2024 | रख–रखाव वाईट वाश पेंटिग इत्यादि पंचायत घर वार्ड | 12253 | माप–पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 2.सभा निधि | 88/30.10. 2024 | 1012/04.10. 2024 | रख–रखाव वाईट वाश पेंटिग इत्यादि पंचायत घर व अम्बेडकर भवन वार्ड | 8150 | माप–पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 3.सभा निधि | 93/30.10. 2024 | मस्ट्रोल 4725 | रंग रोवन व रख–रखाव पंचायत घर सोकणी दा कोट | 16430 | माप–पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 4.एम.पी. लेड | 94/30.10. 2024 | 374013/26.10. 2024 | कम्पलीशन इंटरलाकिंग रास्ता पुली पी.डब्ल्यू.डी रोड से कुलदीप,चुनी लाल के | 8540 | प्रस्ताव,स्वीकृति पत्र,माप– पुस्तिका, प्रारूप 34 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | घर का ओर वार्ड 7 | | |
| 5.वी.के.वी. एन.वाई | 96 / 30.10. 2024 | 374132 / 16.12. 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक टीटा राम के वार्ड 1 | 6405 | प्रस्ताव,प्राक्कलन, स्वीकृति पत्र,माप–पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 6.वी.के.वी. एन.वाई | 99 / 28.10. 2024 | 375193 / 19.10. 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक त्रिलोक चन्द के घर वार्ड 11 | 6405 | प्रस्ताव, प्राक्कलन, स्वीकृति पत्र, प्रारूप 34 |
| 7.वी.के.वी. एन.वाई | 100 / 28. 10.2024 | 374133 / 16.12. 2024 | निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक कृष्ण, जतिन्दर इत्यादि घर वार्ड 10 | 6705 | प्रस्ताव, प्राक्कलन,स्वीकृति पत्र, प्रारूप 34 |
| 8.एस.डी. आर.एफ | 95 / 30.10. 2024 | 374013 / 30.10. 2024 | पुर्न निर्माण सुरक्षा दीवार रोड से नजदीक नरायण दास घर वार्ड 5 | 34160 | प्रस्ताव, प्रारूप 34 |
| 9.एस.डी. आर.एफ | 98 / 28.10. 2024 | 374099 / 06.12. 2024 | पुर्न निर्माण सुरक्षा दीवार हिल स्टोप स्टेवलाईजेशन नजदीक छुगा देवी के घर वार्ड 3 | 14945 | प्रस्ताव,प्राक्कलन, स्वीकृति पत्र, माप–पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 10.एस.डी. आर.एफ | 101 / 28.10.2024 | 701 / 01.07. 2023 | पुर्न निर्माण सुरक्षा दीवार नजदीक देशराज स्पुत्र रोमी राम घर वार्ड 5 | 25300 | प्रस्ताव,प्राक्कलन, प्रारूप 34 |
| 11.14वां वित | 78 / 28.10.2024 | मस्ट्रोल 4722 | पुर्न निर्माण रास्ता सुरेश के घर से राधा देवी के घर की ओर वार्ड 11 | 24080 | प्रस्ताव, प्राक्कलन, माप– पुस्तिका, प्रारूप 34 |
| 12.15वां वित | 89 / 28.10.2024 | मस्ट्रोल 4718 | निर्माण रास्ता नजदीक धर्म चन्द के घर वार्ड 04 | 33150 | प्रस्ताव,प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति प्रारूप 34 |
| 13.मनरेगा | निल / 03, 21.10.2024 | मस्ट्रोल 2828,2869,192 / 25.07.2024 | निर्माण पुली व रास्ता आशा देवी के घर के पास वार्ड 4 | 37701 | माप– पुस्तिका |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
